सीवरेज कार्य में लापरवाही पर नगर पालिका सख्त

सीएमओ ने ठेकेदार को 7 दिन में समस्याएं दूर करने का अल्टीमेटम

बड़वानी, (नवभारत)। शहर में संचालित सीवरेज परियोजना की प्रगति तथा वार्डों में सामने आ रही समस्याओं की समीक्षा के लिए नगर पालिका कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। इसमें नगरपालिका अध्यक्ष अश्विनी चौहान, सीएमओ सोनाली शर्मा, नपा उपाध्यक्ष सुभाष भावसार, अध्यक्ष प्रतिनिधि निक्कू चौहान, नपा प्रतिपक्ष नेता राकेशसिंह जाधव, एमपीयूडीसी के एपीएम विजय बघेल, सब इंजीनियर सुमित, सीवेज निर्माण एजेंसी के रवि जाधव, दीपेंद्र, विभिन्न वार्डों के पार्षद, एल्डरमैन, एमपीयूडीसी के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की धीमी गति और लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए अपने-अपने क्षेत्रों की शिकायतें लिखित रूप में प्रस्तुत की। इनमें सड़क मरम्मत में विलंब, हाउसहोल्ड कनेक्शन अधूरे रहना, चेंबर ओवरफ्लो, पेयजल लाइन में रिसाव तथा निर्माण के बाद मार्गों की समय पर बहाली नहीं होने जैसी समस्याएं प्रमुख रही। बैठक में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मशीनों की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। सीएमओ सोनाली शर्मा ने संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्षदों द्वारा बताई गई सभी शिकायतों का सात दिनों के भीतर निराकरण कर अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। निर्धारित अवधि में सुधार नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्वयं के व्यय पर कराना पड़ेगा कार्य

नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि निक्कू चौहान ने बताया कि बैठक का उद्देश्य परियोजना की प्रगति की समीक्षा और लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जिन मकानों में अभी तक हाउस कनेक्शन नहीं हुए हैं, वे निर्माण कार्य के दौरान ही चेंबर बनवा ले। परियोजना पूरी होने के बाद यह कार्य संबंधित भवन स्वामी को स्वयं के व्यय पर कराना पड़ेगा।

एक वर्ष से फरार ईनामी स्थायी वारंटी गिरफ्तार

सेंधवा। एएसपी पद्मविलोचन शुक्ल एवं एएसपी धीरज बब्बर व एसडीओपी अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे ईनामी फरारी वारंटीयों के धर पकड़ अभियान के तहत थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस टीम ने एक वर्ष से फरार चल रहे ईनामी बदमाश सतवंतसिह पिता महेन्द्रसिह सिकलीकर उम्र 23 वर्ष निवासी उंडीखोदरी थाना पलसूद को 1 अगस्त 2026 को उसके घर ग्राम से गिरफ्तार किया गया। बदमाश अवैध फायर आर्म्स बनाने एवं बेचने के अपराध में फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा 2000 रुपए का के नगद पुरस्कार की घोषणा की गई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सेंधवा पेश कर किया जाकर जेल दाखिल किया गया है।

साइकिलें मिलते ही खिल उठे छात्रों के चेहरे

पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम

नवभारत न्यूज
बड़वानी, (नवभारत)। शहर के पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके बाद संध्या पुराणिक द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान में अंजलि पांडे ने सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

संस्था प्राचार्य संतोष मिश्रा ने बताया कि योजनांतर्गत शाला के 50 पात्र छात्र को नि:शुल्क साईकिलें वितरित की गई हैं। साईकिल वितरण प्रभारी निर्मला उपाध्याय ने जानकारी दी।

कार्यक्रम में शहर एवं जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों व अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुमन वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक सुबोध मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक सियाराम मौरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। साईकिल प्राप्त होने पर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

एक नजर में

महाविद्यालय में विशेष परिचर्चा में प्रशासनिक अधिकारी डॉ .वर्मा ने दिया छात्रों को मार्गदर्शन

बड़वानी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वीणा सत्य के मार्गदर्शन में संचालित कॅरियर सेल द्वारा व्यक्तित्व विकास, अध्ययन कौशल तथा तार्किक चिंतन विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ धीरज कुमार वर्मा ने लगभग सौ विद्यार्थियों को सफलता के सूत्रों पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने कहा कि तार्किक चिंतन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास और रोजगारपरक कौशल आज की आवश्यकता है। डॉ वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय का समय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और स्वर्णिम काल होता है। इसी अवधि में व्यक्ति अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करता है। संचालन भोला बामनिया ने किया। आभार प्रदर्शन आरती धनगर ने किया। इस दौरान भोला बामनिया, दिव्या जमरे, कन्हैयालाल फूलमाली, जोया खान का भी सहयोग रहा।

युवा संगम रोजगार मेला लगेगा 4 अगस्त को

निवाली, (नवभारत)। 4 अगस्त को आयोजित होने वाले युवा संगम रोजगार मेला 2026 की तैयारियों के संबंध में पद्मश्री स्व कांता बहन त्यागी शासकीय महाविद्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सुल्तान मोरे ने की। उन्होंने कहा रोजगार मेला विद्यार्थियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

कंपनियों के प्रतिनिधियों के स्वागत और साक्षात्कार प्रक्रिया की समुचित व्यवस्था की जाए। बैठक में मेले के पंजीकरण, प्रचार-प्रसार, व्यवस्था व आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की एवं समितियों को जिम्मेदारियों का बंटवारा किया।

बैठक में डॉ चांदनी गोले, डॉ पीसी किराड़े, प्रो मनीष किराड़, प्रो रोशनी डावर, प्रो अनारसिंह किराड़े, डॉ भगत चौहान, डॉ शारदा खरते, प्रो मुकेश तरोले, प्रो नवलसिंह बरडे, डॉ विजय चौधरी, डॉ कलीराम पाटिल, डॉ हरीश सिसोदिया व स्टॉफ उपस्थित रहा।

मेले में भाग लेने वाली कंपनियों का विवरण

क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण, बड़वानी, एम एजुकेशन फाउंडेशन, इंदौर, भारतीय जीवन बीमा निगम, बड़वानी एवं एसआईएस कंपनी, सिंगरौली।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

बड़वानी। जिला चिकित्सालय में सीएमएचओ डॉ जयपालसिंह ठाकुर का स्वागत किया। मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष अनिल राठौर के नेतृत्व में 1 अगस्त को हुए कार्यक्रम के बाद दीपक देवराय स्टीवर्ट एवं मधुबाला डोडवे जिला चिकित्सालय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया। जिसमें सेवानिवृत्त दोनों कर्मचारियों का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना, मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पधाधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर, सिविल सर्जन कार्यालय का स्टॉफ एवं जिला चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

लाइनमैन की सेवा अवधि 55 वर्ष से 62 वर्ष, संघ ने जताया आभार

पानसेमल, (नवभारत)। ऊर्जा विभाग में लाइनमेन की सेवा अवधि 55 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने पर क्षेत्र लाईनमेनों ने सरकार का आभार जताया है। तकनीकी कर्मचारी संघ द्वारा विधायक श्याम बर्डे के कार्यालय पर पहुंचकर उन्हें पुष्पहार पहनाया गया तथा उनके माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान तकनीकी कर्मचारी संघ जिला बड़वानी उपाध्यक्ष जगदीश माली, जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुंवर, देवेंद्र बोपचे, मिथुन सनेर सहित सेंधवा डिवीजन के सभी तकनीकी साथियों द्वारा कंपनी प्रबंधन एवं सरकार का आभार व्यक्त किया गया।

विधायक ने कहा...

,वेधायक श्याम बर्डे ने कहा कि भाजपा सरकार मजदूर, किसान, व्यापारी सहित सभी के हितों में निरन्तर कार्य कर रही हैं और आगे भी करती रहेगी।

बड़वानी पुलिस का जनसंवाद अभियान

बड़वानी। पुलिस द्वारा विशेष जनसंवाद अभियान चलाया जा रहा है। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में शनिवार को जिले के कई ग्रामों में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। थाना प्रभारियों और पुलिस स्टॉफ ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी सुरक्षा संबंधी समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। साइबर सुरक्षारू ग्रामीणों को डिजिटल ठगी से बचाव, अज्ञात लिंक न खोलने तथा ओटीपी/पिन सांझा न करने की हिदायत दी। ठगी होने पर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने की जानकारी दी गई। साथ ही अन्य जानकारी भी दी गई। पुलिस की अपीलरू बड़वानी पुलिस ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल 112 पर देने का आग्रह किया है। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

एक नजर में

नई डीपीसी हिमानी लोधवाल का किया स्वागत

आलीराजपुर। राज्य कर्मचारी संघ द्वारा जिला परियोजना समन्वयक राज्य शिक्षा केंद्र आलीराजपुर के पद पर पदभार ग्रहण करने पर हिमानी लोधवाल डीपीसी का राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ एवं प्रांतीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अध्यक्ष राजेश आर वाघेला एवं ओपीएस जिला अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह चौहान ने जिले की शिक्षा व्यवस्था और भौगोलिक स्थिति पर चर्चा कर 24 जून को राज्य शिक्षा केंद्र के जारी आदेशानुसार जिले में सीएसी, एवं एपीसी के पदों पर भर्ती करने की बात कहीं, जिस पर डीपीसी लोधवाल ने कहा प्रक्रिया चल रही है शीघ्र आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

मैन्यू अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं मिलने पर जताई नाराजगी, समूहों को हटाने के निर्देश

ग्राम हरसवाट, गिराला और साकड़ी के आंगनवाड़ी केंद्रों-विद्यालयों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

आलीराजपुर। आलीराजपुर कलेक्टर नीतू माथुर ने शनिवार को ग्राम हरसवाट, गिराला और साकड़ी के आंगनवाड़ी केंद्रों और शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन और आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जा रहे पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता की जांच की तथा भोजन मेन्यू के अनुरूप उपलब्ध कराया जा रहा है या नहीं, इसकी समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, सामान्य ज्ञान एवं पाठ्य विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण किया

कलेक्टर ने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, कक्षाओं की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था तथा शौचालयों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर बनाए रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान मेन्यू के अनुरूप भोजन नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को संबंधित स्व-सहायता समूहों को तत्काल हटाने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर ने शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों (मोरल साइंस), स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई, स्वास्थ्य संबंधी आदतों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी नियमित रूप से जागरूक किया जाए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

आलीराजपुर में 24 घंटे में 42 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

आलीराजपुर। जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 42.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार वर्षा में आलीराजपुर में 22.0 मि.मी., जोबट में 29.3 मि.मी., उदयगढ़ में 43.3 मि.मी., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 29.0 मि.मी., कट्ठीवाड़ा में 60.0 मि.मी. तथा सोण्डवा में 68.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। जिले में कुल 251.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई। जिले में 01 जून 2026 से 01 अगस्त 2026 तक 307.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलवार आलीराजपुर में 291.2 मि.मी., जोबट में 258.5 मि.मी., उदयगढ़ में 405.4 मि.मी., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 244.3 मि.मी., कट्ठीवाड़ा में 440.0 मि.मी. तथा सोण्डवा में 198.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले में कुल 1838.0 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 703.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

रामायण की चौपाइयों से गूंज रहा भोलेनाथ का दरबार

प्राचीन शंकर मंदिर पर हो रहा रामचरित मानस का मास पारायण

पारा। नगर के बस स्टैण्ड स्थित प्राचीन शंकर मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पवित्र श्रावण मास में श्री रामचरितमानस मास पारायण पाठ का संगीत मय आयोजन रामायण मंडल पारा द्वारा किया जा रहा है।

पवित्र श्रावण मास में रामायण मंडल पारा द्वारा प्राचीन शंकर मंदिर बस स्टैंड पर रामचरित मानस का संगीत मय पाठ पंडित संजय शर्मा राहुल शर्मा घनश्याम शर्मा व लाखन सिंह डोडिया के सानिध्य मे 30 जुलाई 2026 गुरुवार से 28अगस्त 2026 शुक्रवार तक पवित्र श्रावण मास में प्रतिदिन रात्रि 8ः00 बजे से किया जारहा है। एक माह तक चलने वाले इस मास पारायण का समापन 29 अगस्त 2026 शनिवार को भुत भावन भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक, पूर्णाहुति एवं महाआरती होगा कै बाद होगा। रामायण मंडल पारा ने नगर की समस्त धर्म प्रेमी जनता से आग्रह है कि इस पवित्र आयोजन में सपरिवार अवश्य पधार कर प्रतिदिन हो रहे भगवान भोलेनाथ का आकृषक श्रंगार का दर्शन कर व रामचरित मानस पाठ संगीत मय रसास्वादन पुण्य लाभ अर्जित करें।

एक नजर में वार्ड 46 में अधूरी सड़कों से रहवासी परेशान

पूरे वार्ड की मुख्य सड़कें चमकीं, अंदरूनी गलियां हुई बदहाल

नव भारत न्यूज

इंदौर. वार्ड क्रमांक 46 के कुछ क्षेत्रों में मुख्य सड़कें तो चमक रही हैं, लेकिन अंदरूनी गलियां वर्षों से बदहाल पड़ी हैं. अधूरी सड़कें, जलभराव, कीचड़ और गंदगी के कारण रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभाग अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पाए हैं.

मालवा मिल चौराहे से लगे वार्ड नम्बर 46 के रुस्तम का बगीचा, गोटू महाराज की चाल और विद्या भवन स्कूल के सामने का क्षेत्र विकास कार्यों की अधूरी तस्वीर पेश कर रहा है. मुख्य सड़क और कुछ मार्गों का निर्माण तो हो चुका है, लेकिन अंदरूनी गलियां वर्षों से जर्जर हालत में हैं. जानकारी के अनुसार सीवरेज लाइन और नर्मदा पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों की खुदाई की गई थी, लेकिन काम पूरा होने के बाद इन्हें दोबारा व्यवस्थित नहीं किया. बरसात के दिनों में गलियों में कीचड़ और जलभराव से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है. गंदगी के कारण मच्छर और मक्खियों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है. जर्जर रास्तों के कारण सफाईकर्मी भी नियमित रूप से नहीं पहुंच पाते, जिसके चलते जगह जगह कचरे के ढेर लगे रहते हैं. रहवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण और सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षद, विधायक और नगर निगम अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. क्षेत्रवासियों ने जल्द सड़क निर्माण और नियमित सफाई व्यवस्था की मांग की है.

इनका कहना है...

पहले सिर्फ गिट्टी और माल डालकर सड़क बना दी गई थी, जो कुछ समय बाद ही खराब हो गई. अब सरिया का जाल बिछाकर सड़क बनाई जानी चाहिए, जिससे दोबारा यह स्थिति न बने.

— गणेश जारवाल

हमें अच्छा और पक्का रोड चाहिए, आसपास की गलियों में भी ध्यान दिया जाना चाहिए. घरों के सामने गंदगी फैली रहती है, शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती.

— द्वारका रनित

कई बार पार्षद को समस्या बता चुके हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है. कहा जाता है कि यहां ठेकेदार काम नहीं करना चाहता. बरसात में कीचड़ और गर्मियों में धूल से परेशान हैं.

— अनीता सूर्यवंशी